**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 826**
**27/07/2023 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## पृथ्वी की सुरक्षा के संबंध में लोगों को शिक्षित किया जाना

**826 श्री राकेश सिन्हा:**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा लोगों को पृथ्वी पर होने वाले खतरों से अवगत कराने और उन्हें इस संबंध में शिक्षित करने हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं क्योंकि पृथ्वी की सुरक्षा प्रत्येक मनुष्य का अनिवार्य कर्तव्य है;
(ख) कितने शोध साहित्य प्रकाशित किए गए हैं; और
(ग) क्या सरकार बच्चों में पृथ्वी के प्रति भावनाओं को जागृत करने हेतु पत्रिका प्रकाशित करती है?

**उत्तर**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्री**
**(श्री किरेन रिजिजू)**

(क) मंत्रालय पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल) और ओजोन दिवस (16 सितंबर) आदि पर स्कूलों, कॉलेजों में छात्रों के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियों में सहायता करता है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन सभी संस्थान हर साल आम जनता के लिए ओपन डेज एक्टिविटिज आयोजित करते हैं। मंत्रालय पृथ्वी विज्ञान के क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रति वर्ष स्कूली छात्रों के लिए पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड में सहायता करता है। मंत्रालय पृथ्वी विज्ञान में नवीनतम अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों तथा विभिन्न हितधारकों और आम जनता को प्रदान की गई सेवाओं के बारे में आम जनता को जानकारी देने के लिए विभिन्न प्रदर्शनियों, मेलों, जागरूकता कार्यक्रमों, वेबिनारों आदि का आयोजन करता है और उनमें भाग लेता है। पृथ्वी विज्ञान से संबंधित मामलों में मंत्रालय की सोशल मीडिया पर लगातार गतिविधियाँ भी सार्वजनिक सहभागिता सुनिश्चित करती हैं।

(ख) पिछले तीन वर्षों में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के संस्थानों में कार्यरत वैज्ञानिकों द्वारा प्रकाशित शोध साहित्य की संख्या नीचे सूचीबद्ध है:

| क्रं.सं. | वर्ष | प्रकाशनों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2020 | 527 |
| 2 | 2021 | 622 |
| 3 | 2022 | 491 |

(ग) जी नहीं।

*****